# कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, गौतमबुद्धनगर।

पत्रांक / बे0शि0 / 94-95 / 2020-21 दिनांक: 18/04/2020

## कार्यालय ज्ञाप

प्रबन्धक, जी0एस0बी0 इण्टरनेशनल स्कूल, कामबक्शपुर डेरीन, विकास खण्ड दनकौर जनपद गौतमबुद्धनगर ने अपने प्रार्थना पत्र दिनांक 02.04.2020 द्वारा शासनादेश संख्या–419 / 79–6–2013–18(20) / 91 शिक्षा अनुभाग–6 लखनऊ दिनांक 08.05.2013 के क्रमं में विद्यालय की मान्यता का नवीनीकरण / स्थायी करने का अनुरोध किया है। अभिलेखानुसार इस कार्यालय के पत्रांक / मान्यता / 270 / ए / 2017–18 दिनांक 18.05.2017 द्वारा प्राइमरी / जूनियर स्तर (कक्षा नर्सरी से कक्षा 08 तक) की कक्षाओं के संचालन हेतु मान्यता तीन वर्ष की अवधि हेतु अंनतिम रूप से प्रदान की गयी थी।

उक्त के सम्बन्ध में शासनादेश संख्या–419 / 79–6– 2013–18(20) / 91 शिक्षा अनुभाग–6 लखनऊ दिनांक 08.05.2013 के प्रस्तर 15 में निम्नलिखित व्यवस्था दी गयीं हैः–

प्रथमतया निर्धारित प्रारूप पर नियमावली में उल्लिखित प्राविधानों के दृष्टिगत औपबन्धित मान्यता तीन वर्ष के लिए दी जायेगी। इस अवधि में मान्यता की शर्तो के उल्लघंन से सम्बन्धित यदि कोई प्रतिकूल तथ्य संज्ञानित नहीं होता है तो तीन वर्ष की अवधि पूर्ण होने पर यह मान लिया जायेगा कि विद्यालय को स्थायी मान्यता प्राप्त हो गयी हैं।

उक्त संस्था के विरूद्ध कार्यालय को मांन्यता प्रदान करने की तिथि से अद्यतन कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। इस आशय का प्रबन्धक द्वारा शपथ पत्र भी उपलब्ध कराया गया है। उक्त शासनादेश एवं प्रबन्धक, जी0एस0बी0 इण्टरनेशनल स्कूल, कामबक्शपुर डेरीन, विकास खण्ड दनकौर जनपद गौतमबुद्धनगर द्वारा पत्रावली में उपलब्ध कराये अपने विद्यालय सम्बन्धी अद्यतन प्रपत्रों के आधार पर विद्यालय का मान्यता कोड GJHS–370 हैं, उक्त विद्यालय की मान्यता को स्थायी समझा जायेगा एवं भविष्य में पत्रांक / मान्यता / 270 / ए / 2017–18 दिनांक 18.05.2017 में उल्लिखित समस्त शर्तो / मानकों का पालन करना अनिवार्य होगा एवं शासन द्वारा जारी किये गये नवीन शासनादेश भी प्रभावी होंगे।

(धीरेन्द्र कुमार)<br>
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी<br>
गौतमबुद्धनगर।

**पृष्ठांकन एवं दिनांक उक्तवत्।**

प्रतिलिपिः– निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. खण्ड शिक्षा अधिकारी, विकास खण्ड दनकौर।
2. प्रबन्धक, जी0एस0बी0 इण्टरनेशनल स्कूल, कामबक्शपुर डेरीन, विकास खण्ड दनकौर जनपद गौतमबुद्धनगर।
3. गार्ड फाइल।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी<br>
गौतमबुद्धनगर।